**Headline: - "IIHMR provided Hospital Management training to 28 CMOs."**

Print Coverage:

| Date | Publication | Edition |
|---|---|---|
| **11 September, 2025** | **Rajasthan Patrika** | All |

# आइआइएचएमआर ने 28 सीएमओ को दिया हॉस्पिटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण



जयपुर. आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर ने पंजाब सरकार के 28 वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट पर पांच दिवसीय कस्टमाइज्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम विशेष रूप से पंजाब में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पीआर सोडानी ने बताया कि 40 से ज्यादा देशों के पेशेवर इसके अल्पकालिक प्रशिक्षण कायक्रमों से लाभान्वित हुए हैं। सरकारी अधिकारियों के लिए स्ट्रक्चर्ड हॉस्पिटल मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रदान करने वाले भारत के कुछ चुनिंदा संस्थानों में से एक होने के नाते, हम स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व विकास में अग्रणी बने हुए हैं। पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. बलबीर सिंह ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम के समापन सत्र में बताया अस्पतालों की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने और उसमें दक्षता लाने के लिए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को प्रबंधन क्षमता से लैस करना बेहद जरूरी है। इसमें ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी सेवाओं जैसे अहम विषयों को कवर किया गया।

Rajasthan Patrika 11 Sept 2025